वन उत्पादकता संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन 1-15 सितम्बर 2015

राजभाषा हिन्दी के समग्र प्रचार - प्रसार हेतु प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्थान में दिनांक 01 सितम्बर से 15 सितम्बर, 2015 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों के साथ संस्थान के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की एक औपचारिक बैठक भी दिनांक 15 सितम्बर, 2015 को हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. शमीम अख़्तर अंसारी, निदेशक एवं अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, वन उत्पादकता संस्थान, राँची द्वारा की गई। श्री पंकज सिंह, अनुसंधान अधिकारी प्रथम एवं हिन्दी अधिकारी, व.उ.सं., राँची ने बैठक में उपस्थित वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत और अभिनंदन करते हुए हिन्दी पखवाड़ा के दौरान संस्थान में आयोजित हुये सभी कार्यों और प्रतियोगिता से अवगत कराया।

इस उपलक्ष्य पर डॉ. शमीम अख़्तर अंसारी, निदेशक, वन उत्पादकता संस्थान, राँची ने वानिकी हिन्दी शोध **आईएसएसएन-2394-8744** पत्रिका **"शोधतरु"** को और उत्कृष्ट बनाने एवं प्राप्त होने वाले शोध पत्रों की गुणवत्ता को बनाए रखने के बारे में सुझाव दिया। संस्थान के वैज्ञानिकों को इसमें शोध पत्र प्रकाशित करने के लिए प्रेरित किया। भविष्य में इस पत्रिका में प्रकाशित उच्च गुणवत्ता के लेखों को प्रमाण पत्र आदि देने पर भी निर्णय लिया जाएगा। यह पत्रिका "वानिकी शोध" में संस्थान द्वारा एक नवीन और प्रथम प्रयास है जिससे हमारा शोध सरल और सुगमता से जन जन तक पहुच सके। महोदय ने यह भी सुझाव दिया कि संस्थान के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने द्वारा हिन्दी में किए गए कार्यों का स्व मूल्यांकन करें। उन्होंने परिषद से प्रकाशित होने वाली पत्रिका "तरूचिंतन" में प्रकाशन हेतु काव्य, लेख, एवं अन्य सामग्री की रचना करने के लिए उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह किया ताकि हिन्दी में उनकी निरंतरता बनी रहे।

डॉ. संजय सिंह, वैज्ञानिक - ई, प्रभागाध्यक्ष, वन कार्यकी एवं आणविक जीव विज्ञान एवं संपादक, "शोधतरु", ने कहा कि पत्रिका का द्वितीय अंक का प्रकाशन सितम्बर 2015 में सुनिश्चित है और पत्रिका के विकास के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होने ने प्रथम अंक के सफलतापूर्वक प्रकाशन पर निदेशक, वन उत्पादकता संस्थान, सह संपादक, संपादकीय मण्डल और पत्रिका से जुड़े सभी कर्मचारियों का धन्यवाद दिया। डॉ. शरद तिवारी, वैज्ञानिक - ई, प्रभागाध्यक्ष, सूचना प्रोध्योगिकी एवं विस्तार प्रभाग ने इस कहा कि संस्थान में हिन्दी में होने वाले कार्यों की प्रशंसा की साथ ही आने वाले समय में संस्थान इसमें और भी प्रयास करेगा। समारोह में अनिमेष सिन्हा, वैज्ञानिक - ई, डॉ. मलाबिका रे,

वैज्ञानिक - डी, श्री संजीव कुमार, वैज्ञानिक - डी, डॉ पी. के. दास, वैज्ञानिक - डी, श्रीमती रूबी सुसाना कुजूर, वैज्ञानिक - सी, श्री आदित्य कुमार, वैज्ञानिक - सी, श्री एस. के. बक्शी, अनुभाग अधिकारी, श्री डी. के. दास, अनुसंधान अधिकारी प्रथम, श्री रविशंकर प्रसाद, अनुसंधान अधिकारी प्रथम, श्री करम सिंह मुंडा, तकनीकी सहायक, श्री बसंत कुमार, तकनीकी सहायक और अन्य कर्मचारियों ने अपने विचार समिति के समक्ष प्रस्तुत किए। संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगितायों का आयोजन किया गया। दिनांक 8.09.2015 को संस्थान के सभा कक्ष में हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता "वनोत्पाद का जीविकोपार्जन में महत्व" एवं अँग्रेज़ी टिप्पणी का हिन्दी में लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। दिनांक 9.09.2015 को संस्थान के सभा कक्ष में अँग्रेज़ी मंत्रालय एवं तकनीकी शब्दों का हिन्दी शब्द क्विज़ प्रतियोगिता कराई गई। दिनांक 11.09.2015 को संस्थान के सभा कक्ष में "हिन्दी में विज्ञान लेखन" पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में निदेशक, वन उत्पादकता संस्थान, राँची ने सरल और सुगमता से हिन्दी में वैज्ञानिक शोध पत्र लिखने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यशाला में डॉ. संजय सिंह, संपादक, "शोधतरु" ने हिन्दी शोध पत्र के प्रारूप और तकनीकी भाषा के उपयोग के बारे में चर्चा की।

दिनांक 15.09.2015 को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सभी प्रतियोगिता में श्रेष्ठ तीन प्रतिभागियों का चयन करके क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार एवं प्रशस्ति - पत्र प्रदान किया गया साथ ही साथ दो सांत्वना पुरुस्कार दिया गया । महानिदेशक, भारतीय वानिकी एवं शिक्षा परिषद द्वारा हिन्दी भाषा में कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करने हेतु उनके द्वारा हिन्दी में किये गए वर्षवार कार्यों के आधार पर हिन्दी पखवाड़ा में उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र दिए जाने के निर्णयानुसार संस्थान के श्री सच्चिदानंद वैध, अनुसंधान सहायक प्रथम और श्री रविशंकर प्रसाद, अनुसंधान अधिकारी प्रथम एवं का चयन कर पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ।

हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता, कार्यशाला और समापन समारोह का संचालन श्री पंकज सिंह, अनुसंधान अधिकारी प्रथम, द्वारा किया गया। आयोजन से संबन्धित गतिविधियों की देखरेख हिन्दी अनुभाग के श्री आशुतोष कुमार पाण्डेय, सहायक, श्री राम कुमार महतो, तकनीकी सहायक, श्रीमती प्रतिमा बाड़ा, हिन्दी टंकण ने की। अंत में श्रीमती रूबी सुसाना कुजूर, वैज्ञानिक - सी, व.उ.सं., राँची ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए हिन्दी के प्रति लगनशीलता बनाये रखने पर जोर दिया।

हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता और समापन समारोह की गतिविधियां